हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 17 जून 2024

06 गंगा दशमी पर मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण...



07 नल जल योजना के कार्य में किया जा रहा घटिया...





## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग ने बताया मई माह की उपलब्धियों का विवरण

**नर्मदापुरम।** माह मई में आबकारी विभाग नर्मदापुरम के द्वारा किये गये कार्य, योजनाओं, उपलकियों, भ्रमण, निरीक्षण आदि की जानकारी जिला आबकारी अधिकारी ने दी है। उन्होंने बताया कि जिले में 62 मदिरा दुकान है। वर्ष 2023-24 के परिगणित वार्षिक मूल्य 2376562616 तथा वर्ष 2024-25 हेतु प्राप्त वार्षिक मूल्य 2658991874 है। आबकारी आय में 11.88 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।

### परीक्षा संचालन के लिए अधिकारी नियुक्त

**नर्मदापुरम।** मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन जिला मुख्यालय पर 23 जून रविवार को ओएमआर पद्धति से प्रातः 10.00 बजे से 12:00 तक एवं दोपहर 02.15 से 04.15 बजे तक दो सत्र में सम्पन्न होगी। परीक्षा कि प्रश्न पत्र जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम पुराने कलेक्टर भवन से संबंधित सभी परीक्षा केन्द्रो तक सुरक्षा की दृष्टि से पहुँचाने हेतु विशेष वाहक दल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। नियुक्त विशेष वाहक दल शील्ड पैकेटों में पाये जाने वाले प्रश्न पत्रों की संख्या का सत्यापन भी करेंगे तथा परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी रखेंगे। किसी प्रकार की अव्यवस्था व लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व रहेगा। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि जिले में 7 परीक्षा केन्द्र निर्धारित है।

### स्नानार्थियों ने पूजा पाठ कर मां गंगा और मां नर्मदा का अशीर्वाद ग्रहण किया

# गंगा दशहरा के अवसर पर भक्तों ने मां नर्मदा के जल में लगाई आस्था की डुबकी

ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की दशमीं तिथि को नर्मदांचल में गंगा दशहरा पर्व आस्था पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने मां नर्मदा के जल में स्नान, पूजन एवं दान कर मां गंगा और नर्मदा का आशीर्वाद ग्रहण किया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दसमीं तिथि को नर्मदांचल में गंगा दशहरा का पर्व हर्षोलास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने मां नर्मदा से समस्त घाटों पर पहुंचकर पुण्य सलिल से स्नान कर पूजा अर्चना की। वहीं श्रृद्धालुओं ने समस्त घाटों पर आसीन दरिद्र नारायणों को धन धान्य एवं वस्त्र दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रृद्धालुओं का कहना है कि इस दिन मां गंगा एवं मां नर्मदा की पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना गया है। इसीलिए गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा में स्नान करने पहुंचे। अलसुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की नर्मदा घाटों पर भीड़ नजर आई। श्रद्धालुओं ने नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर गंगा स्नान का पुण्य लाभ लिया।

### पौराणिक मान्यता

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गंगादशमी के दिन भागीरथ गंगा को धरती पर लाए थे। दशमी के दिन गंगा अपनी बहन नर्मदा से मिलने आती हैं। रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदापुरम पहुंचकर नर्मदा में स्नान कर पुण्य लाभ लिया। सिवनी तहसील के ग्राम कहारिया से सेठानी घाट नर्मदा स्नान करने पहुंचे मनीष दुबे ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर मां नर्मदा के दर्शन और जल से स्नान करने पर मां नर्मदा और गंगा का आशीर्वाद प्राप्त होता है इसीलिए माताओं की कृपा प्राप्त करने के लिए महा पर्व पर यहा आए हुए हैं। इसी तरह बड़ी संख्या में स्नानार्थियों ने भी स्नान और पूजा पाठ कर मां गंगा और मां नर्मदा का अशीर्वाद ग्रहण किया।

### सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के भी व्यापक स्तर पर इंतजाम किए गए हैं। पुलिस, होमगार्ड के जवान और गोताखोर सेठानी घाट, कोरी घाट, परहंस घाट, विवेकानंद घाट, गोंदरी घाट सहित जिले भर के घाटों पर मौजूद हैं। अनाउंसमेंट कर होमगार्ड, पुलिस और गोताखोर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोक रहे हैं।



### सेठानी घाट पर बही भक्ति की बयार

नर्मदा के सुप्रसीद्ध सेठानी घाट पर प्रति पूर्णिमा एवं अमावस्या के अवसर पर होने वाले मां नर्मदा की महा आरती का आयोजन रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने मां गंगा की महा आरती की तर्ज पर मां नर्मदा की आरती कर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर एक ओर जहां पंच अर्चकों ने 51 दीपों से सुमधुर स्वर में मां नर्मदा की आरती की तो वहीं तट पर मौजूद नर्मदा के भक्तों ने भी दीप प्रज्वलन कर आरती की। वहीं उपस्थित श्रृद्धालुओं ने मां गंगा और मां नर्मदा के जयघोष लगाकर समूचा वातावरण भक्तिमय बना ि दया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों ने की नाइट काम्बिंग गश्त

### रात को घूमने वाले लोगों पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए शनिवार-रविवार की रात को पुलिस की काम्बिंग गश्त का आयोजन हुआ। 250 से अधिक पुलिसकर्मियों की अलगअलग टीमों ने नाईट काम्बिंग गश्त के दौरान फरार चल रहे बदमाशों की धरपकड़ की। फरार गिरफ्तारी वारंटी, स्थायी वारंटी, इनामी बदमाश, जिला बदर व इनामी निगरानी बदमाश के साथ अन्य अपराधों से फरार आरोपियों की धरपकड करते हुए 176 आरोपियों पर कारवाई की। बेवजह घूमते पाए जाने पर युवकों को समझाइश दी। एसपी डॉक्टर गुरकरन सिंह ने बताया जिले के कुल 08 राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) के नेतृत्व में 250 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारियो की अलग अलग टीमें बनाकर उन्हें एवं ब्रीफ कर नाईट काम्बिंग गश्त की। रातभर चली इस कार्रवाई में 8 घंटे में 107 गिरफ्तारी वारंटी, 51 स्थायी वारंटी, 1 फरार आरोपी को काम्बिंग गश्त के दौरान गिरफ्तार किया गया। काम्बिंग गश्त के दौरान नर्मदापुरम पुलिस टीमों द्वारा 16 जिला बदर के अपराधियों की चैकिंग की गई। इस दौरान शहर एवं कस्बो में एटीएम व बैंकों की सुरक्षा में लगाए गए उपकरण व सुरक्षा गार्डों को भी चेक किया गया।

### 'अतिवर्षा व बीमारियों से निपटने विभाग अलर्ट रहे'

**नर्मदापुरम।** अतिवर्षा एवं मौसमी बीमारियों से निपटने गत दिन कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में रेवा सभा कक्ष में बैठक की गई थी, जिसमें अतिवर्षा एवं मौसमी बीमारियों से निपटने के लिये निर्देश दिये गये थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश देहलवार ने तत्संबंध में बताया कि विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां की गई है। संबंधितो से कहा गया है कि वे अतिवर्षा के समय बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी रखे, जिससे किसी भी आकस्मिक त्रासदी से बचाव की कार्यवाही तत्काल की जा सके। उन्होंने बताया कि सभी आशा कार्यकर्ताओं के पास आवश्यक जीवन रक्षक औषधियां उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि सभी सी.एच.ओ./ए;एन;एम. को निर्देशित किया गया है कि वे अपने मुख्यालयों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

# श्रीराम जानकी मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण, हुए आयोजन

### सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शहर के शनिचरा वार्ड स्थित कनक भवन मीणा मंदिर में 50 वर्ष पूर्ण होने पर धार्मिक आयोजन किए गये, जिसमें मीणा समाज के सदस्यों ने श्रीराम जानकी मंदिर की पूजा अर्चना की। सदस्यों ने बताया कि इस अवसर पर भगवान राम दरबार की कृपा से 24 घंटे रामायण पाठ एवं भंडारा का आयोजन संपूर्ण मध्य प्रदेश के मीणा समाज का एकत्रीकरण होकर मनाया गया। धार्मिक आयोजन में होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के नवयुक्त सांसद दर्शन सिंह चौधरी उपस्थित हुए। इस दौरान रमाकांत मीना प्रदेश मंत्री राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ भगवान सिंह मीणा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा परशुराम पटेल, बृजेश कोहडी भोपाल, अर्जुन मीणा ,उमेश मीणा, कपिल मीना , गीता मीणा, नर्मदा बचाओ संगठन की अध्यक्ष, भागीरथ गोठवाल द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

# युवाओं ने नर्मदा घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान

### नर्मदा जल से अविशिष्ट निकालकर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदा नदी के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए जय हो समिति ने बड़ी पहल की है। हर रविवार को नर्मदा नदी में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य नर्मदा नदी को स्वच्छ रखना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है। रविवार को समिति के सदस्यों द्वारा विवेकानंद घाट पर श्रमदान कर अपना 228 वा सप्ताह पूर्ण किया। समिति के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि नर्मदा नदी को स्वच्छ रखना हम सभी का मानवीय कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और दूसरों को भी प्रेरित करने को कहा। सफाई अभियान में समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के संजु प्रजापति, सागर पटैल, किशन सराठे, राजेश वर्मा, प्रथम बावरिया, राजेंद्र यादव, सौरभ वर्मा, विकास गुप्ता, पीतम चक्रवर्ती, राम रजक, राजेश प्रजापति, अनुराग वर्मा, अंकित सागर, जतिन यादव, विवेक वर्मा आदि शामिल रहे।

# नपाध्यक्ष ने किया नर्मदा तट पर कन्या पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगर के प्राचीन जलस्रोतों का जीर्णोद्वार रविवार को किया गया, तालाब की साफ सफाई की गई। नगर के नाले नालियों की साफ सफाई की गई। इस कार्यक्रम की सराहना नागरिकों द्वारा की गई। स्वच्छता अभियान निरंतर जारी रहेगा। सेठानीघाट पर अभियान के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को सभी लोगों ने लाइव सुना। कार्यक्रम की शुरूआत नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सीएमओ हेमेश्वरी पटले, पार्षद सभापतिगण, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना पुरोहित, गीता मीना द्वारा कन्या पूजन किया गया। इस पर नपाध्यक्ष नीतू यादव का स्वागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने किया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री चिरावन, तहसीलदार शिवशंकर धुर्वे, नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा मां नर्मदा की महाआरती शामिल हुए।

# खराब परीक्षा परिणाम देने वाले अधीक्षकों को शोकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

उपायुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव एवं संजय कुमार द्विवेदी प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, नर्मदापुरम ने गत दिवस समस्त अनुसूचित जाति, जनजातीय छात्रावास, आश्रम शाला अधीक्षकों की समीक्षा बैठक कन्या शिक्षा परिसर, पवारखेड़ा में ली। बैठक में विगत वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणाम, की समीक्षा की गई, और निर्देश दिए गए की जिन छात्रावासो में कक्षा 10वी एवं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम आए है, ऐसे सभी छात्रावास अधीक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त छात्रावास, आश्रम शालाओं में रिक्त सीटों के विरूद्ध आज दिनांक तक प्राप्त आवेदन पत्रो की समीक्षा की गई। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में समस्त रिक्त सीटें भरी जाने का लक्ष्य सभी छात्रावास अधीक्षकों को दिया गया। सभी छात्रावास अधीक्षको को निर्देश दिए गए की वे उच्च. माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल में भ्रमण कर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिक से अधिक विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त करें। आश्रम शालाओं में रिक्त सीटों के विरुद्ध कम आवेदन आने पर उक्त दोनों अधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की एवं आश्रम शालाओं में शत प्रतिशत सीट पूर्ति हेतु पदस्थ शिक्षकों को 10-10 छात्र/छात्राओं के आवेदन कराये जाने का लक्ष्य दिया गया। कहा गया कि 25 जून तक रिक्त सीटों को नहीं भरने वाले अधीक्षक एवं शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। निर्देश दिए गए की सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी छात्रावास, आश्रम शाला के कक्षों, बिस्तर, सामग्री की साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था पंखे आदि ठीक करने के निर्देश दिये गये। सभी कन्या छात्रावासों के अधीक्षकों को कन्या छात्रावासों में सी.सी.टी.व्ही कैमरे सतत रूप से चालू रखने के निर्देश दिये गये। बैठक में मित्र हेल्पलाइन की समीक्षा भी की गई।

### सिप्रंगडेल्स स्कूल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर बोलीं चटर्जी

# शिक्षण प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्रथम सीढ़ी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए सीबीएसई द्वारा स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस जेंडर सेंसिविटी विषय पर तथा द्वितीय दिवस लर्निंग आउटकम एंड पेडागॉजी विषय पर सत्र आयोजित किए गए। प्रथम दिवस ट्रेनर प्रीति खन्ना प्रिंसिपल, विनयम पब्लिक स्कूल, भोपाल तथा अनु श्रीवास्तव प्रिंसिपल, संकल्प पब्लिक स्कूल, भोपाल ने ट्रेनिंग में बताया कि जेंडर सेंसेविविटी सभी विद्यार्थियों के साथ समान व्यवहार सिखाती है।

द्वितीय दिवस में ट्रेनर वर्षा त्रिपाठी प्रिंसिपल, सनफ्लावर इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल व रिचा माहेश्वरी सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए सीखने के जो लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं उन्हें ध्यान में रखकर शिक्षक अपने रेगुलर पेडागॉजी को प्रभावकारी बना सकते हैं। तथा कक्षा में अनेक करिकुलर एक्टिविटीज कर सकते हैं। इस तरह से लर्निंग आउटकम आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। ट्रेनर द्वारा गतिविधि के माध्यम से समझाया गया। सभी गतिविधियों में शिक्षक प्रतिभागियों ने उत्साहित होकर भाग





लिया। ट्रेनिंग के अंत में आभार प्रदर्शन वाइस प्रिंसिपल लक्ष्मी पलोहिया द्वारा किया गया। ट्रेनर्स को प्राचार्य मोना चटर्जी ने स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। ट्रेनिंग सत्र के दौरान स्कूल शिक्षक के अलावा अन्य विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन महिंदर कौर द्वारा किया गया। संपूर्ण ट्रेनिंग क्रियात्मक और ज्ञानवर्धक रही।

# जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित है जीवन : माया नारोलिया

### मां नर्मदा का पूजन कर राज्य सभा सांसद ने मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



पतित पावनी मां नर्मदा के आशीर्वाद से मेरा जीवन जनता की सेवा के लिए समर्पित है। यह बात रविवार को राज्य सभा सांसद माया नारोलिया ने पतित पावनी मां नर्मदा की पूजन अर्चन के दौरान सेठानी घाट पर कही। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा एवं मां नर्मदा का आशीर्वाद ग्रहण किया। इसके पूर्व उन्होंने सतरास्ता पहुंचकर माता महाकाली के मंदिर पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके हाउसिंग बोर्ड स्थित निवास पर अलसुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सांसद श्रीमती नारोलिया के जन्मदिन पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ द्वारा उन्हें पत्र भेजकर जन्मदिन की बधाइयां दी। साथ ही पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा, के अलावा जनप्रतिनिधियों ने का शुभकामनाएं संदेश भेजा। श्रीमती नारोलिया ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया और भारत के नागरिकों से आग्रह किया वे भी अपने जन्मदिन पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण करें।

वहीं जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को स्वास्थ्य वर्धन फलों का वितरण किया। आचार्य पं. सोमेश परसाई द्वारा उनके जन्मदिन पर मंत्रोच्चार के उनके दीर्घायु की कामना की। उनके निवास पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, सभापति निर्मला हंस राय, कंचन सेट्टी चौकसे, आरती लक्ष्मण बैस, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अर्चना पुरोहित, समाजसेविका नीरजा फौजदार, भाजपा नेता विकास नारोलिया, मनीष परदेशी, लक्ष्मण बैस, हरि शर्मा, धर्मेंद्र जाट, संजय राजपूत, विक्रम दिवोलिया, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, ओम सांईराम ग्रुप, नपा के पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण अनेक लोगों ने बधाइयां दी।

भाजपा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

## सामूहिक भावना और प्रयास जीत का मूल मंत्रः उईके




**बैतूल।** शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में लोकसभा चुनाव की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि आज हम भाजपा परिवार के साथ आत्म चिंतन कर रहे है। कार्यकर्ताओ के आशीर्वाद से ही ऐतिहासिक जीत मिली है। मेरा मंत्री पद कार्यकर्ताओ को समर्पित है। सामूहिक भावना और शक्ति परिणामों को बदल देती है। शब्दो की संवेदनाओं में अपार शक्ति होती है। वही संवाद से सफलता सुनिश्चित होती है। सामूहिक भावना के साथ संवेदनाओ को लेकर किया गया सामूहिक प्रयास जीत का मूल मंत्र है। उईके ने कहा कि प्रशासनिक क्षमता के साथ प्रबंधकीय कौशल का प्रमाण बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने दिया है जिनके नेतृत्व मे मध्यप्रदेश मे लोकसभा की 29 सीटों में से 29 सीटें जीते हैं। संगठनात्मक दृष्टि से जो भू भाग होता है उसका पूरा दौरा हर पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि को करना चाहिए हम सब समर्पित कार्यकर्ता है जो राष्ट्र धर्म संस्कृति के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करते है भाजपा मे कोई विशिष्ट नहीं होता सब के बीच निरंतर संवाद रहे तो सफलता मिलती रहेगी। कमीयो को दूर करने के लिए चिंतन जरूरी है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अभियानो और कार्यक्रमों की समीक्षा करना समृद्व परंपरा रही है। इस लोकसभा चुनाव के परिणाम हमारे सामने है हमने कुशाभाउ ठाकरे की जयंती से बूथ विस्तारक योजना शुरू की जिसके तहत कार्यकर्ताओ की निष्ठा और समर्पण से हमने जहां नेटवर्क नही था वहां भी पंजीयन के प्रयास किए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का गंगा दशमी के दिन किया गया समापन

# गंगा दशमी पर मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण करने के लिए लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जिले में वृहद स्तर पर चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का गंगा दशमी के दिन रविवार को समापन किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने बताया कि परिषद की सभी नवांकुर संस्थाएं सीएमसीडीपी स्टूडेंट, प्रस्फुटन समितियों ने अपने नगर, ग्राम की जल संरचनाओं नदी, तालाब, कुएं, बावड़ी आदि का पूजन, गंगा आरती, भजन और मानव श्रृंखला बनाकर जल को बचाने का संकल्प लेकर जल गंगा संरक्षण अभियान का समापन किया गया।

बैतूल नगर में सभी सामाजिक संस्थाओं द्वारा अभियान के अंतिम दिन अभिनंदन सरोवर की सफाई की गई। सरोवर में पनपे झाड़-झाड़ियों एवं कचरे को हटाया गया तथा जल बचाओं-जीवन बचाओं की शपथ ली गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में तालाब, बावड़ी गहरीकरण, नदी, नालों की सफाई, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए जिले में आगामी 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से जनमानस को जल संवर्धन और संरक्षण के लिये प्रेरित किया गया।



### जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

*जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतिम दिन रविवार को आठनेर विकासखंड के ग्राम धनोरा पारसडोह घाट पर ग्रामीणों द्वारा मां ताप्ती की पूजा अर्चना की गई। जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। घाट पर मानव श्रृंखला बनाई गई। जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती मधु चौहान के नेतृत्व में नवांकुर संस्था प्रतिनिधि द्वारा जल स्रोत संरक्षण हेतु जनमानस को संकल्प दिलाया गया। शाहपुर ब्लॉक के आवरियां नागदेव घाट स्थल पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्तोत्र की पूजा अर्चना की गई। ग्रामीणों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के ग्राम कान्हावाड़ी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नगर विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वावधान में खामडोह नदी के तट पर की सफाई की।*

### ग्रामीणों ने की मां ताप्ती की पूजा-अर्चना

भीमपुर ब्लॉक के ग्राम घोघरा में गंगा दशमी के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने जनप्रतिनिधि के साथ मां ताप्ती नदी की सफाई की। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों ने नदी में से कचरा निकाला गया। मां ताप्ती की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

### चोपना के ग्रामीणों ने तालाब की सफाई कर दिया जल संरक्षण का संदेश



*जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुर्नोद्धार के लिए 16 जून तक चलाए गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों ने शनिवार को नर नारायण सेवा मंदिर के समीप स्थित तालाब पर बने गंगा घाट की सफाई की। नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब में पनपे झाड़-झाडियों एवं कचरे को अलग किया। तालाब का गहरीकरण भी किया गया। सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई। मप्र जन अभियान परिषद जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने बताया कि कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में तालाब, बावड़ी गहरीकरण, नदी, नालों की सफाई, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए जिले में आगामी 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जनमानस को जल संवर्धन और संरक्षण के लिये प्रेरित किया जा रहा है। सीमा तपन विश्वास जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य, अशोक नवड़े सरपंच ग्राम पंचायत चोपना, विनय डोंगरे आदि उपस्थित थे।*

जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

## पानी को संरक्षित करना ही भविष्य में सबसे बड़ी चुनौती



सारनी। पानी को लेकर जिस तरह संपूर्ण विश्व में आकर की स्थिति निर्मित हो रही है ऐसी स्थिति में भविष्य को लेकर अभी से पानी को संरक्षित किया जाना पड़ेगा यह उड़कर ग्राम भारती महिला मंडल की अध्यक्ष भारतीय अग्रवाल ने गंगा दशहरा के अवसर पर नमामि गंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन के समापन अवसर पर व्यक्त करते हुए कहा उन्होंने कहा कि जिस तरह वर्तमान समय में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ट्यूबवेल खनन करके भूमि का पानी निकालने का कार्य किया जा रहा है लेकिन बरसात के पानी को भूमि में पहुंचने में सफलता नहीं मिल पा रही है इसको लेकर कई तरह की स्थिति विकराल खड़ी होते जा रही है। पाच जून से जिलेभर में नमामि गंगे अभियान चलाया जा रहा था। रविवार को ग्राम जाजबोड़ी में अभियान का नदी एवं स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर और पौधारोपण कर अभियान का समापन हुआ।प्रदेश सरकार के निर्देश अनुसार बैतूल जिले 5 विकासखंडों के चयनित ग्रामों में भी पिछले दस दिनों में अलग अलग क्षेत्रों में अभियान चलाकर कुओं, बावड़ियों, नदियों की एवं जल स्त्रोतों की सफाई की गई।रविवार को इस दस दिवसीय अभियान का समापन हुआ। विकासखंड घोड़ाडोंगरी के ग्राम जाजबोड़ी में स्थित फोकस नदी की साफ सफाई एवं स्कूलों में पौधारोपण किया गया। ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा संचालित मप्र जल निगम मुख्यालय से मुख्य महाप्रबंधक एमके मुदगल एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाई छिंदवाड़ा से महाप्रबंधक अविनाश दिवाकर,उप महाप्रबंधक बसंत कुमार बेलवंशी, प्रबंधक जनसहभागिता विजय बारेवार का आगमन हुआ। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि ग्राम सरपंच,ग्रामवासियों एवं संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व सभी ने झाड़ू उठाकर ग्राम में स्थित नदी और उसके आस पास साफ सफाई की। इस दौरान लगभग दो ट्रॉली कचरा निकला साथ ही अंत में गंगे जी की आरती की गई। स्कूल परिसर में फलदार पौधे लगाए गए।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्य मंत्री का किया स्वागत

**शाहपुर।** केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके के शाहपुर आगमन पर नगरवासियो में खुशी की लहर दौड़ गई । जनपद कार्यालय के समक्ष, माननीय दुर्गादास की उईके का भव्य स्वागत गाजे बाजे से किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष रोहित विक्की नायक ने शाल, श्रीफल भेंट किया और मिठाई खिलाई। नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर एवं मिठाई खिलाकर उनके आगमन की खुशी मनाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई सज्जन सिंह उईके के द्वारा निवास पर उनका स्वागत फूल मालाओं, गुलदस्तों से किया गया। बैतूल से लेकर भौंरा तक जगह-जगह पर केंद्रीय राज्य मंत्री उईके का स्वागत किया गया।

### उईके से ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

**शाहपुर।** रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने केंद्रीय राज्य मंत्री जनजाति विभाग डीडी उईके को नगर के युवाओं की मांग का ज्ञापन दिया गया। शाहपुर के लोगों के पास ट्रेन का साधन उपलब्ध नहीं है। ह बरसों की मांग है। शाहपुर के बरबटपुर रेलवे स्टेशन पर जयंती जनता अंडमान एक्सप्रेस का स्टॉपेज करने की मांग की गई। पहले यहां पर पैसेंजर पेंचवेली, दादा धाम एक्सप्रेस, का स्टॉपेज हुआ करता था। रेल संघर्ष समिति ने अल्प प्रवास पर शाहपुर पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उईके भव्य स्वागत कर नगर की समस्याओं से अवगत कराया।

### नापजोख प्रवीणता टेस्ट 2 से 7 जुलाई तक

**बैतूल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा गत दिनों आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च को घोषित किया गया है। जिला जेल अधीक्षक योगेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों हेतु सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा, जो जेल विभाग स्वयं लेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम, भोपाल में 2 जुलाई से 7 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सफल अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

## पुलिस ने गोवंश से भरी पिकअप पकड़ी चार लोगों पर पशु क्रूरता का केस दर्ज

**आमला।** बोड़खी चौकी की पुलिस ने कत्लखानों ले जा रहे जानवरों को पकड़ा है। आमला के रास्ते पंखा होते हुए महाराष्ट्र के कत्लखाने पिकअप में ले जा रहे थे। सूचना मिलने पर बोड़खी चौकी प्रभारी नितिन पटेल ने स्टाफ के साथ जानवरों से भरी पिकअप को घेराबंदी कर दबोच लिया। पिकअप में 4 जानवर को भरा गया था। जानवरों के मुंह और पैर भी बांधे हुए थे। पुलिस ने वाहन चालक विकास पिता छोटू उईके 92 न्यास कालोनी निवासी इटारसी होना बताया है। ड्राइवर ने बताया कि यह जानवर काजी जामठी निवासी राजेश पिता गुरुदयाल यादव ने वाहन में भरवाए थे जिन्हें महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जा रहा था। वाहन चालक के साथ जानवरों के परिवहन में अन्य आरोपी अमन पिता सुनील भाट बालाजी मंदिर गांधी नगर इटारसी निवासी, प्रितोप उर्फ डोरली पिता कालू उईके निवासी चारगांव रानीपुर, को गिरफ्तार कर इनके विरुद्ध पुलिस ने नियमानुसार केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गोवंश तस्करों के खिलाफ हमारी कार्यवाई निरंतर जारी रहेगी।



### कत्लखाने ले जाते पिकअप पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

*भैंसदेही। पुलिस ने गोवंश तस्करी करते हुए पिकअप को पकड़कर दो आरोपियों को पकड़ा है। जिनके खिलाफ पशुक्रुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात को कुछ लोग पिकअप में गोवंश को कत्लखाने महाराष्ट्र ले जा रहे थे। सूचना मिलते अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्रवाई की गई। पिकअप निकलने के सभी संभावित स्थानों पर टीम को तैनात किया गया। बडगांव जोड़ के पास घेराबंदी कर पिकअप को रोका, जिसमें 6 नग गोवंश को एक दूसरे से बांधकर भरा था। वाहन चालक ने अपना नाम दुर्गेश पिता रामेश्वर मुंडेल निवासी रवि नगर परतवाडा तथा उसके बाजू में बैठे व्यक्ति ने नाम मदन पिता बेनीलाल नंदवंशी निवासी रवि नगर परतवाडा होना बताया। दोनों आरोपियो पर केस दर्ज कर पिकअप को जब्त कर लिया गया। गोवंश को गोशाला भेजा।*

### तांबे की गुंडी के साथ 3 आरोपी हिरासत में

**सारनी।** शक्ति नगर शोभापुर कॉलोनी में बर्तन की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करने में पाथाखेड़ा पुलिस को 24 घंटे में सफलता मिली है बर्तन की दुकान में चोरी करने वाले तीन युवकों के अलावा नाबालिग चोर को भी तांबे की गुंडी सहित गिरफ्तार किया गया है आरोपियों के पास से जब्त की गई तांबे की 6 गुंडी का बाजार मूल्य 16 हजार रुपए के लगभग आका जा रहा है। आरोपियों को न्यायालय भेजने का कार्य किया गया है। सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि पाथाखेड़ा चौकी में भीमराव पिता रेवजी चौधरी वार्ड नम्बर 31 गणेश चौक शक्ति नगर शोभापुर कालोनी ने 15 जून को रिपोर्ट की थी। उन्होंने बताया था कि 14 जून को रात 9 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। मेरी नींद खुली तो मैने उठकर दुकान देखा तो मेरी दुकान का शटर खुला हुआ था और शटर के दोनों ताले टूटे थे।

## निकिता गुजरे ने बढ़ाया जिले, प्रदेश का मान, एसएसबी में भारत में रैंक वन

### बैतूल की बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर पाया असिस्टेंट कमांडेंट लॉ का पद

**बैतूल।** जिले के छोटे से गांव साबरी सोनोरी की निवासी कुमारी निकिता गुजरे ने सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) में ऑल इंडिया रैंक वन हासिल कर जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। निकिता के इस उपलब्धि ने पूरे जिले को गर्वित किया है। निकिता के मामा अनिल कापसे ने बताया कि निकिता वर्तमान में भोपाल में निवासरत हैं और उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में हुए एसएसबी परीक्षा में यह मुकाम हासिल किया।

**शिक्षा और तैयारी की कहानीः** निकिता ने 2017 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मुंबई की एमिटी यूनिवर्सिटी से 2022 में बीए एलएलबी ऑनर्स की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने एसएसबी के



एग्जाम में शामिल होने का निर्णय लिया। निकिता ने अपने लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत की और दृढ़ संकल्प के साथ इस पद को हासिल किया। निकिता ने राष्ट्रीय स्तर पर असिस्टेंट कमांडेंट लॉ ऑफिसर की एकमात्र पोस्ट पर विजय प्राप्त की। इस पद पर चयन के बाद निकिता ने इंडियन नेवल अकैडमी केरला में 22 हफ्ते की ट्रेनिंग पूरी की। गृह जिले में वापसी पर निकिता का स्वागत धूमधाम से किया गया। उनके नाना-नानी विट्ठल कापसे गुरुजी और कचनार कापसे ने ढोल और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। निकिता का जन्मदिन भी गरिमामयी उपस्थिति में शाहपुर स्थित निवास पर केक काटकर सेलिब्रेट किया गया।

**निकिता का संदेश और समाज के लिए अपीलः** निकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां की प्रेरणा, पापा के मार्गदर्शन और बहन के प्यार को दिया। अपने संदेश में निकिता ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि जब आप कुछ पाने की जिद ठान लेते हैं तो प्रकृति भी आपकी मदद करती है।

### जयंती पर किया गायत्री महायज्ञ का आयोजन




सारनी। स्थानीय गायत्री प्रज्ञापीठ में गायत्री जयंती के महापर्व पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों का समापन पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और भंडारे के साथ हुआ । इस महायज्ञ में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड सारनी के मुख्य अभियंता वीके कैथवार सह परिवार उपस्थित होकर यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित कर सभी के लिए सद्बुद्धि तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं अनेक श्रद्धालु जनों ने भी भाग लिया। यज्ञ मंच से मुख्य प्रबंधक गुलाबराव पांसे, देवालय प्रबंधक प्रमिला पांसे,सहायक प्रबंध ट्रस्टी रामराव सराटकर एवं संगीत प्रशिक्षक फगनु गुलवासे ने यज्ञ संचालन किया। इस अवसर पर एक पुंसवन संस्कार भी संपन्न कराया गया। एक दिन पूर्व गायत्री मंत्र अखण्ड जप तथा दीपयज्ञ का भी आयोजन किया गया।

### राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद ने किया स्वागत

## उईके का पत्रकारों को सहयोग का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल-हरदा-हरसूद लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार रिकार्ड मतों से निर्वाचित हुए क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास (डीडी) उईके, गत दिवस केंद्रीय मंत्रिमंडल के गठन में केंद्रीय राज्य मंत्री (जनजाति कार्य मंत्रालय) बनाए जाने के बाद प्रथम गृह नगर बैतूल आगमन पर उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद की जिला इकाई बैतूल के संभागीय प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम सिन्हा एवं परिषद के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार एवं परिषद के जिलाध्यक्ष केपी अग्निहोत्री, वरिष्ठ पत्रकार पंकज धोते, दीआर लिल्हारे, प्रसून चौधरी सहित अन्य पत्रकार साथियों द्वारा उन्हे पुष्प गुच्छ तथा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री उईके ने बड़ी संख्या में उपस्थित पत्रकारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों के हित के विषय में वह यथासंभव सहयोग करते रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद के सदस्यों ने मध्यप्रदेश में पत्रकार सुरक्षा गारंटी कानून लागू करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री से चर्चा कर सहयोग करने के लिए उनसे विशेष आग्रह किया।

## डंसने के बाद सांप और युवक की मौत

**बैतूल।** जिले में घटी एक अजीबो-गरीब घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल हुआ यूं कि एक युवक बिस्तर पर सो रहा था। इसी दौरान एक सांप ने उसे पैर में डंस लिया। इस घटना के बाद सांप और युवक दोनों की मौत हो गई है। घटना को लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। इस अजीबो-गरीब घटना को जो भी सुन रहा है वह आश्चर्यचकित हो रहा है। घटना को लेकर डॉक्टर और सर्पमित्र ने भीअपने-अपने मत दिए हैं। फिलहाल घटना को लेकर सभी अपने-अपने तरीके से चर्चा कर रहे हैं। मामला जिला मुख्यालय के समीपस्थ स्थित बाजपुर का है।

कमल की बड़ी माँ मीरा अहाके ने बताया कि कमल उर्फ कमलू अहाके उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लिमोटी थाना मुलताई, जिला- बैतूल अपनी बड़ी माँ के साथ बाजपुर आया हुआ था। जहां शनिवार की रात्रि में घर के बाहर बिस्तरपर



कमल सोया हुआ था। जब रविवार को सुबह परिवार वालों ने देखा तो कमल मृत अवस्था में था और बिस्तर पर ही एक सांप भी मरा पड़ा था। जिससे परिवार के लोगों ने अनुमान लगाया कि उसकी सांप के काटने से मौत हुई है। वहीं जिस सांप ने कमल को काटा था उसकी भी मौत हो गई। परिवार ने इसकी सूचना गंज थाना पुलिस को दी और मृतक कमल का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।


### वन अधिकारियों, कर्मचारियों को की जाने वाली कार्रवाई बताईं

# वन अपराध प्रकरणों पर दिया गया विधिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

वन विद्यालय सभागृह में वन अपराध प्रकरणों के अन्वेषण और परिवाद प्रस्तुतिकरण में आने वाली कठिनाइयों के समाधान हेतु एक दिवसीय विधिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। डीएफओ विजयानन्तम टी.आर. के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में माननीय न्यायालय बैतूल के जिला लोक अभियोजन अधिकारी सत्यप्रकाश वर्मा, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी ओमप्रकाश सूर्यवंशी, अमित राय, और अजीत सिंह ने भाग लिया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को न्यायालय में वन अपराध प्रकरणों में दस्तावेजों का विधि सम्मत संधारण करने और वन अपराध घटित होने पर अपराधियों के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

डीएफओ विजयानन्तम टी.आर. ने बताया इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वन अधिकारियों और कर्मचारियों को वन अपराध प्रकरणों के दस्तावेजों का विधि सम्मत संधारण करने और अपराध घटित होने पर अपराधियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। माननीय न्यायालय बैतूल के जिला लोक अभियोजन अधिकारी सत्यप्रकाश वर्मा, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी ओमप्रकाश सूर्यवंशी, अमित राय, और अजीत सिंह ने इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया। प्रशिक्षण में सुश्री निधि चौहान प्रशिक्षु भा.व.से., नीरज निश्चल प्रशिक्षु





भा.व.से., उपवनमंडलाधिकारी मुलताई संजय साल्वे, परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर, परिक्षेत्र अधिकारी सावलमेढा, परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती और अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।


### यह हैं प्रशिक्षण की मुख्य बातें

प्रशिक्षण के दौरान, माननीय जिला लोक अभियोजन अधिकारी सत्यप्रकाश वर्मा ने वन अपराध प्रकरणों में दस्तावेजों के संधारण के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा, वन अपराध प्रकरणों में सटीक और पूर्ण दस्तावेजों का संधारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाता है, अपराधियों को सजा दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सहायक लोक अभियोजन अधिकारी ओमप्रकाश सूर्यवंशी, अमित राय, और अजीत सिंह ने विभिन्न मामलों के अध्ययन और अनुभवों के आधार पर वन अधिकारियों को उपयोगी सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से दस्तावेजों को तैयार करना चाहिए और अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही को मजबूत बनाने के लिए किन बिंदुओं का ध्यान रखना आवश्यक है। डीएफओ विजयानन्तम टी.आर. ने कहा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने वन अधिकारियों और कर्मचारियों को वन अपराध प्रकरणों के अन्वेषण और परिवाद प्रस्तुतिकरण में आने वाली कठिनाइयों को समझने और उनके समाधान के लिए आवश्यक विधिक ज्ञान प्रदान किया।

### मप्र कर्मचारी मंच की बैठक संपन्न

## मांगें पूरी नहीं की तो अनिश्चित कालीन बैठेंगे हड़ताल परः प्रमोद

**सारनी।** मध्यप्रदेश कर्मचारी संघ की तीन सूत्री मांगों को लेकर रविवार को दोपहर में घोड़ाडोगरी के राठौर मैरिज लॉन में बैठक संपन्न हुई है। बैठक का आयोजन मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के जिला अध्यक्ष प्रमोद बर्डे के नेतृत्व में किया गया, उन्होंने बताया कि चतुर्थ श्रेणी के अनियमित कर्मचारियों की जटिल समस्याओं का निराकरण को लेकर यहा बैठक आयोजित की गई थी अनियमित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी अपने हक और अधिकार को लेकर ब्लॉक से जिला और जिले से प्रदेश स्तर तक धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने का कार्य कर चुके हैं। एक बार फिर संपूर्ण प्रदेश स्तर पर मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के तत्वावधान में अनियमित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की



बैठक करके मांगों को पूरा की जाने के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल की योजना बनाने का कार्य किया जा रहा है। अनियमित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को स्थाई कर्मी कर्मचारियों को सातवां वेतनमान का लाभ मिले, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमितिकरण किया जाय और अंशकालीन कर्मचारीयों को कलेक्टर दर पर वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं से मुलाकात कर चुके।

## कछुआ गति चाल से हो रहा निर्माण कार्य, ग्रामीण हो रहे परेशान

# नल जल योजना के कार्य में किया जा रहा घटिया सामग्री का उपयोग

नल जल योजना के कार्य में किया जा रहा घटिया सामग्री का उपयोग कार्य की धीमी गति से ग्रामीण परेशान कई लोगों ने निजी बोर तक खुदवा लिए। नए बनाए गए बाल चेंबरों के बीच से मिट्टी निकल रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶सेमरी हरचंद





समीपस्थ ग्राम झालौन में ग्रामीणों को घर-घर पानी उपलब्ध कराने के लिए 30 अक्टूबर 2021 को नल जल योजना का भूमि पूजन किया गया था। इस कार्य में ग्राम की कई सड़कों को बीचों बीच खोद दिया गया था जिसके बाद लगभग 2 साल ग्रामीण बेहद परेशान रहे। वहीं कई जगह सीमेंट रेत गिट्टी के मसाले से गढ़ों व नालियों को भरा गया है जिनमें से गिट्टी अलग निकलती दिखाई दे रही है ग्राम पंचायत की गुणवत्तापूर्ण सड़कों खोद कर उन में लीपा पोती की गई है।

नल चालू बंद करने के लिए यहां बाल चेंबर बनाए जा रहे हैं जिम भी घटिया किस्म के मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है जब संवाददाता ने मौके पर पहुंच कर देखा तो यहां गिट्टी से ज्यादा गिट्टी की धूल मिली यही नहीं इससे पहले बनाए गए बाल चेंबर में भी इसी डस्ट बाली गिट्टी का उपयोग किया गया है बाल चैंबरों से मिट्टी निकलती मिट्टी गुणवत्ताहीन काम को उजागर कर रही है। काम कर रहे मजदूरों से पूछा गया कि यह कैसी गिट्टी हैं तो उन्होंने कहा हम तो मजदूर हैं ठेकेदार ने जैसा मटेरियल उपलब्ध है वैसा ही लगाने को कहा है। जहां के ढेर से यह लोग गिट्टी उठा कर ला रहे थे वहां देखा तो पूरी धूल भरी गिट्टी जो साफ नहीं थी पड़ी हुई थी। इस काम को चलते हुए 3 साल हो चुके हैं परंतु अभी तक काम अधर में लटका है पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है जिसके कारण ग्रामीणों को शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है गर्मी को दिनों में लोगों पेयजल के लिए बहुत परेशान होना पड़ा ग्रामीणों को दूसरे लोगों के ट्यूबवेलों से पानी लेना पड़ रहा है जिसके लिए उन्हें पानी के पैसे भी चुकाना पड़ते हैं।

### इनका कहना है

गर यह डस्ट मिली गिट्टी से वाल चैंबर बना रहे हैं तो यह गलत है में हमारे इंजीनियर को भेज कर दिखवाता हूं।

**डी.आर सुनहरे एसडीओ पीएचई**

ठेकेदार द्वारा बहुत ही धीमी गति से कार्य किया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों को परेशानियां हो रही हैं इस योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल सका अधिकारियों और ठेकेदार से बात करना चाहते हैं तो वह फोन नहीं उठाते।

**सत्यनारायण पटेल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम झालौन**

तीन साल से इस योजना का काम चल रहा है हमें आशा थी कि इस गर्मी में हमें पानी मिल सकेगा। परंतु ग्रीष्म ऋतु निकल गई लेकिन इस योजना का लाभ हमें नहीं मिल सका। बगैर टोटी के नल परेनशानी बनी हुई है।

**पंचम सिंह मेहरा ग्रामीण**

# खेल प्रशिक्षण शिविर में तैयार नए खिलाड़ी उत्साह से हैं भरपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड केसला में खेल की नई प्रतिभाओं को तराशने के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खेल की नई प्रतिभाओं को तलाश कर निखारने का कार्य किया। ग्राम पंचायत जमानी एवं पथरोटा में खेल प्रशिक्षण शिविर लगा जिसमें जमानी में कबड्डी एवं एथलेटिक्स पथरोटा में वॉलीबॉल के नए खिलाड़ी तैयार किए तथा पुराने खिलाडिय़ों को और भी निपुण बनाने के लिए अभ्यास कराया। खेलों में वरिष्ठ खिलाड़ीयों ने प्रशिक्षण दिया हैं।

संजय द्विवेदी सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, बीडी कोहली, आरती शर्मा समन्वयक विकासखंड केसला के मार्गदर्शन में सुमित यादव, राजेश मेहरा ने प्रशिक्षण दिया। शालेय छुट्टियों में खिलाडिय़ों ने बढ़-चढ़कर प्रशिक्षण लिया। ग्राम पंचायत जमानी में आसपास के ग्रामों से बच्चे बालक एवं बालिका प्रतिदिन खेलने आते रहे। 10 मई से आरंभ यह शिविर 10 जून तक रहा। खिलाड़ी इस मैदान पर आगे भी अभ्यास करते रहेंगे।

## मजदूर संघ ने लगाई अतिक्रमण हटाकर कब्जा दिलाने की गुहार

इटारसी। मजदूर संघ ने ऑडिटोरियम के पास मजदूरों के लिए बनाये शेड में अतिक्रमण होने की शिकायत का एक पत्र टीआई के नाम पुलिस को दिया है। इसके साथ ही अज्ञात लोगों द्वारा ऑडिटोरिम में बने मजदूर संघ के कार्यालय का पोस्टर फाडने की शिकायत भी आवेदन में की है। पत्र में उल्लेख किया है कि कार्यालय का पोस्टर कुछ लोगों ने बीती रात फाड़ दिया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पीठा श्रमिक आश्रय शेड योजना के अंतर्गत शहर के मजदूरों को धूप व बरसात से बचाने हेतु मजदूर कार्यालय ऑडिटोरियम के समीप शासन ने शेड बनाया है जिसमें मजदूर खड़े होते है परंतु विगत माह से कुछ ठेके वाले व वाहन मालिक अपने वाहन शेड के नीचे खड़े करके अतिक्रमण कर रहे हैं। पत्र में निवेदन किया है कि मजदूर कार्यालय का पोस्टर फाडने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए व शेड को वाहन चालों और ठेले वालों द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया जाये।

# जल संवर्धन अभियान का मुख्यमंत्री ने किया वीडियो कांफ्रेसिंग से समापन, संस्थाओं के कार्यों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



प्रिया पिपरिया मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा जल संवर्धन क्षमता को लेकर स्वच्छता अभियान की श्रमदान किया जा रहा है जी यह कार्यक्रम 5 जून से 16 जून तक संचालित किया गया था। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में तथा ग्राम पंचायत के सभी ग्रामों में जल क्षमता संवर्धन स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान किया गया था। कार्यक्रम का समापन 16 जून को किया गया जिसमें विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नवनीत नागपाल जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष परते नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर प्रशांत रघुवंशी भाजपा नेता अरविंद राय पवन वालियामुख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी नगर पालिका परिषद के सभी वार्ड पार्षद सभी अधिकारी कर्मचारी जनपद पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में लगातार 5 दिन से 16 जून तक कार्यक्रम के विभिन्न आयोजन किए गए जिसमें मुख्य रूप से जल गंगा संवर्धन के तहत जल स्त्रोतों को सहेजने और उनकी साफ सफाई का बयान चलते हुए सभी जनप्रतिनिधि अधिकारियों के द्वारा श्रमदान किया गया नगर पालिका परिषद के द्वारा कायाकल्प योजना के अंतर्गत जो मुख्य सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण किया जा रहा है उसके बीच में नगर पालिका परिषद के द्वारा डिवाइडर बनाए गए हैं जहां पर विधायक सहित नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा वृक्षारोपण के कार्यक्रम का भी आयोजन कार्यक्रम दिवस के समापन पर किया गया जहां विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों के द्वारारोपित किए नगर पालिका परिषद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन समापन पर किया गया जिसमें विकास प्रभु समिति नगर पालिका परिषद जनपद पंचायत परिषद सभी के अंतर्गत विभिन्न जल स्त्रोतों की साफ सफाई संरक्षण पुनर्जीवन क्षमता संवर्धन विश्व पर्यावरण के दिवस पर इन कार्यक्रमों के आयोजन में भाग लेने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र देकर जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

## अभियान को गति देने वाले हुए सम्मानित



माखननगर। गंगा दशहरा के अवसर पर पिछले एक सप्ताह से चल रहा है जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन नगर परिषद कार्यालय में हुआ सुबह बालाजी मंदिर पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा भंडारे भोजन की व्यवस्था की गई। शाम को 6 सीएम मोहन यादव द्वारा उज्जैन में कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसका सीधा प्रसारण दिखाया गया अभियान के दौरान नगर के विभिन्न जल स्रोतों का तालाब बावड़ी एवं अन्य स्रोतों में श्रमदान सफाई सहयोग करने वाले नगर वासियों समाज सेवी संस्थाओ को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी निखिलेश चतुर्वेदी संजय अग्रवाल नायब तहसीलदार नीरू जैन सीएमओ जीएस राजपूत पार्षद नीराजना रावत अभिषेक मिश्रा सुरेश यादव गणपत सिंह राजपूत लायंस क्लब पूर्व अध्यक्ष दीपक वर्मा मुकेश मालवीय सुंदरलाल जांगड़े रानी राजपूत बसंत राजपूत द्वारका चौधरी लायंस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत संजय वर्मा शैलेश गुप्ता सहित समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य एवं कन्याएं मौजूद रहे।

## महेश नवमी पर निकाली शोभायात्रा, हुए कार्यक्रम

बनखेड़ी। बनखेड़ी नगर में माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी धूमधाम से मनाया गया, इस दिन भगवान महेश और माता पार्वती की पूजन करने से जीवन में सुख, शांति, धन और सौभाग्य प्राप्त होता है, इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती ने ऋषियों के श्राप से पत्थर हो चुके 72 क्षत्रियों को श्राप मुक्त किया था, माहेश्वरी समाज का नामकरण भगवान महादेव के महेश नाम से हुआ था, महेश नवमी के अवसर पर महेश्वरी मंडल बनखेड़ी माहेश्वरी महिला मंडल बनखेड़ी एवं युवा मंडल बनखेड़ी द्वारा नगर में भव्य यात्रा निकाली गई, शोभायात्रा श्री मदन मोहन लाल जी की हवेली से प्रारंभ होकर मुख्य चौराहे से होते हुए गोविंद पैलेस जाकर समापन हुआ, शोभायात्रा का सर्व ब्राह्मण समाज ,हरिहर ट्रेडर्स, कृष्णा ट्रेडर्स, रामबाबू राहुल जांवधिया द्वारा स्वागत किया गया, शोभायात्रा के बाद स्थानीय मैरिज गार्डन में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर महेश वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य सामाजिक संदेश देने वाले नाटक, बच्चों के फैंसी ड्रेस कार्यक्रम, उद्बोधन एवं विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए, सांस्कृतिक कार्यक्रम माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित हुए।

# गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर्व पर हुआ यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶बनखेड़ी

बनखेड़ी में गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के पावन अवसर पर गायत्री प्रज्ञा मंडल एवं महिला मंडल बनखेड़ी द्वारा गायत्री यज्ञशाला में एक कुंडी गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री परिवार के सभी भाइयों एवं बहनों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा गायत्री यज्ञ में आहुतियां प्रदान की गई । पंडित परशुराम मिश्रा द्वारा गायत्री माता के जन्मदिवस एवं गंगा दशहरा के संबंध में सभी भक्तों को जानकारी प्रदान की, गायत्री मंत्र का महत्व सभी को बताया तथा अपने-अपने घरों में गायत्री यज्ञ एवं दीप यज्ञ करने की प्रेरणा दी, उन्होंने बताया घर में गायत्री मंत्र का जाप करने से ऊर्जा बढ़ती है एवं घर में नकारात्मक शक्तियां निष्क्रिय होकर घर का वातावरण शुद्ध बनता है इस अवसर पर गायत्री परिवार के अनेक सदस्य गण मौजूद रहे।

# पर्यटकों के ट्रैकिंग के लिए संगम पॉइंट को आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा, कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पचमढ़ी




सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में पर्यटकों के लिए प्रदेश का अनूठा स्थान है। इसकी खूबसूरती और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। कलेक्टर सोनिया मीना ने रविवार को हिल स्टेशन पचमढी में स्थित संगम पॉइंट का निरीक्षण किया।

पचमढ़ी के एयर स्ट्रीप से आगे संगम पॉइंट है जो अब तक ज्यादातर पर्यटकों की नजरों से अछूता है। संगम प्वाइंट पर्यटकों के ट्रेकिंग के लिए बेहतरीन पॉइंट है। तीन किलोमीटर के इस ट्रेकिंग पॉइंट से पर्यटक एक घण्टे में ट्रेकिंग करके पहुंच सकते है।

संगम पॉइंट चारों तरफ जंगल एवं पहाड़ों से घिरा हुआ है, यहां जल की तीन जल धारा नीचे गिरकर नदी का रूप लेती है। कल कल बहती जलधारा पहाड़ से जब गिरती है तो मन को मोह लेती है। स्वच्छ और साफ जल पर्यटकों को आकर्षित करती है। अब तक पचमढ़ी आने वाले पर्यटक संगम पॉइंट से अनजान है। संगम पॉइंट की ओर पर्यटकों का ध्यान आकर्षित कराने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जाएंगे। कलेक्टर सोनिया मीना ने रविवार को ट्रेकिंग करते हुए संगम पॉइंट पर पहुंच कर पर्यटन की संभावनाओं को तलाश। संगम पॉइंट की जल धारा पर्यटकों को एक अद्भुत एहसास कराती है। ट्रेकिंग के दौरान तहसीलदार पिपरिया वैभव बैरागी, रेंजर उमेश मारू और अन्य अधिकारी शामिल रहें।

# गंगा दशहरा पर भक्तों ने लगाई नर्मदा में डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत साड़ियां शिवनी खेरा सेल्वाड़ा सहित नर्मदा घाटों पर गंगा दशमी पर श्रद्धालुओं की भीड़ नर्मदा स्नान के लिए उमड़ी सुबह से ही दोपहर में भारी संख्या में भक्ति नर्मदा घाटों पर स्नान के लिए पहुंचे। मान्यता के अनुसार इस दिन मां नर्मदा और गंगा का मिलन होता है इसके चलते स्नान का महत्व बढ़ जाता है मां नर्मदा में डुबकी लगाने के लिए गंगा जी स्वयं आती है और स्नान करने के लिए जितना पुण्य भी इस दिन मिलता है उसे दिन उसके अलावा अन्य दिन यह पुण्य प्राप्त नहीं होता है नर्मदा जी में डुबकी लगाने से गंगा जी में स्नान करने का पुण्य प्राप्त होता है।

शुक्ल पक्ष दशमी तिथि पर गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है इस दिन मां गंगा ब्रह्मा जी के कमंडल से निकलकर भगवान शिव की जटाओं से होती हुई धरती पर अवतरित हुई थी तब से ही इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गंगा नर्मदा व पवित्र नदियों में स्नान करने और दान पुण्य करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है गंगा दशहरा के दिन नर्मदा तीर्थ में डुबकी लगाने के लिए स्वयं मां गंगा आती है। दशहरा के दिन गंगा जी धरती पर प्रकट हुई थी गंगा दशहरा को गंगा स्नान नर्मदा स्नान या सामान से जल में गंगाजल मिश्रित कर स्नान करना चाहिए दर्द की लगाने का विशेष महत्व स्नान दान 10 प्रकार के फूल या फल अर्पित करना भी पुण्य कारक होता है भगवान शिव का अभिषेक करते हैं स्कंद को नर्मदा पुराण में इस बात का उल्लेख है कि नर्मदा एवं गंगा दोनों नदियां आपस में बहने हैं और गंगा जी ने नर्मदा नदी से अपने ज्ञदिवस पर साल में एक बार मिलने आने को कहा था। नर्मदा जी से मिलने आती है और गंगा सप्तमी के दिन नर्मदा जी भी गंगा जी से मिलने जाती हैं गंगा दशहरे के दिन मां नर्मदा नदी में स्नान करने पर दान पुण्य करने से गंगा में स्नान के समान पुण्य प्राप्त होता है इसी बात को लेकर मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर भारी भीड़ सुबह से ही लगी रही और भक्तों ने स्नान दान कर पुण्य फल प्राप्त किया।

सांडिया में सरपंच राम जी दिखत सचिव अभिषेक पांडे ग्राम कोटवार पुलिस प्रशासन सहित राजस्व निरीक्षक पटवारी सहित सभी लोग मां नर्मदा के तट पर सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजामों के साथ उपस्थित रहे। विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं सांसद दर्शन सिंह चौधरी के द्वारा भी अपने समर्थकों के साथ मां नर्मदा में स्नान कर पुण्य फल प्राप्त किया।

## नपाध्यक्ष ने लिया साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा

# बस स्टैंड पर वाहन धोना हुआ प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



रविवार सुबह नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और स्वास्थ विभाग के सभापति राकेश जाधव शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने नागरिकों से मिल रही शिकायत पर बस स्टैंड पहुंचकर यूनिरल को तत्काल टैंकर से सफाई कराई और कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी रिपेयरिंग भी होगी, साथ ही रेलवे स्टेशन रोड पर बने यूनिरल की दीवार गिर गई जिसे हटाकर नई दीवार बनने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष पंकज चौरे एवं सभापति राकेश जाधव ने बस स्टैंड पर बस संचालकों से कहा कि बस में बैठे यात्रियों से कहें कि कचरा स्टैंड पर न फैकें। कचरा फैंकने पर बस संचालक पर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही कोई भी बस स्टैंड पर बसें नहीं धोएगा। ऐसा करते पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। दोनों ने नगर पालिका के गैराज पहुंच कर निरीक्षण किया। यहां जेसीबी सहित अन्य वाहनों को बरसात पूर्व रिपेयर कर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक स्वदेश महोरिया, कमलकांत बडग़ोती, जगदीश पटेल, राहुल घावरी मौजूद थे।

## अटल पार्क में योग सप्ताह की शुरुआत

इटारसी। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। देश में इसके लिए तैयारियां चल रही हैं तो नगर पालिका इटारसी इसे और बेहतर करने के लिए योग सप्ताह मना रही है। रविवार अटल पार्क में नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने योग सप्ताह की शुरुआत की। नपाध्यक्ष ने लोगो से कहा की स्वस्थ बनाये रखने के लिए योग अपनाएं और अटल पार्क में चल रहे योग सप्ताह से शुरुआत करें। राकेश जाधव ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा (आसन) आदि व्यायाम को जोड़ता है। भारत स्वाभिमान के राजेश गुप्ता ने आज योगाभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने योग से होने वाले फायदे भी गिनाये। इस दौरान विभिन्न आसन कराये गये। योगा के लिए नपाअध्यक्ष पंकज चौरे, स्वच्छता विभाग के सभापति राकेश जाधव, नपा स्वच्छता विभाग के कर्मचारी कमलकांत, जगदीश पटेल सहित अन्य कर्मचारी और पार्क में सुबह की सैर करने आए कुछ नागरिक भी शामिल हुए।

## गंगा दशहरा पर्व पर हुआ गायत्री यज्ञ

नर्मदापुरम । स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ नर्मदापुरम में गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। ज्ञातव्य हो कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का आज ही के दिन महाप्रयाण हुआ था। गायत्री शक्तिपीठ के अशोक यादव के द्वारा बताया गया कि गायत्री जयंती पर उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष पंचकुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया जाता है।


## कार्यालय परिसमापक सहकारी संस्थाये जिला नर्मदापुरम

क्रमांक/परिसमापन/2024/क्यू

सूचना

विशेष साधारण सभा

नर्मदापुरम, दिनॉक – 13/06/2024

समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि परिसमापन के अधीन निम्न संस्थायें के पंजीयन निरस्त करने हेतु विशेष साधारण सभा का आयोजन दिनांक 01.07.2024 को स्थान कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम पर प्रातः 10:30 बजे किया जायेगा। जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति सादर प्राथर्नीय है।

| क्र. | संस्था का नाम | पंजीयन क्रमांक/ दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बालाजी ईधन आपूर्ति सहकारी समिति मर्यादित इटारसी | 3075/ 17.05.2012 | प्रातः 10:30 से प्रातः 11:30 | कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम |
| 2. | तिलहान उत्पादक सहकारी समिति मर्या. बज्जरवाडा | 2361/ 20.04.1991 | दोपः 12:00 से दोपः 01:00 | कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम |
| 3. | तिलहान उत्पादक सहकारी समिति मर्या. आंचलखेड़ा | 2297/ 03.10.1987 | दोपः 1:30 से दोपः 02:30 | कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम |
| 4. | प्रगति साख सहकारी समिति मर्या. खामदा | 3312/ 29.10.2016 | दोपः 03:00 से शामः 04:00 | कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम |
| 5. | जय कालिका साख सहकारी समिति मर्या. बज्जरवाडा | 3332/ 29.10.2016 | दोपः 04:30 से शामः 05:30 | कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम |

परिसमापक/सहकारी निरीक्षक
सहकारी संस्थायें नर्मदापुरम

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 2 घायल हुए, चल रहा उपचार

**हरदा।** जिले में रविवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे पर हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार की दो महिलाएं घायल हो गई हैं। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बारंगा की रहने वाली प्रमिला बाई अपने बेटे शुभम और बेटी के साथ बाइक से हंडिया से अपने गांव लौट रही थी।वही दूसरी बाइक जो उनका भतीजा कन्हैया चला रहा था। जिस पर उसकी मां और बहन कविता पिता प्रेमनारायण विश्वकर्मा सवार थे। ग्राम कुसिया के पास सड़क पर रवेत आने के चलते अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे पीछे से आ रही दूसरी बाइक उससे आकर टकरा गई। जिसमें बाइक के पीछे बैठी प्रमिला बाई एवं उनकी भतीजी कविता घायल हो गई है। जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।


### कट्टा लहराकर लोगों को धमकाया था, कोर्ट ने सुनाई 2 साल की सजा

**हरदा।** विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान हाथ में कट्टा लहराकर लोगों को धमकाने वाले आरोपी को कोर्ट ने दो साल सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। टिमरनी एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सोडलपुर निवासी आरोपी योगेश पिता जमना प्रसाद भाटी हाथ में कट्टा लिए लोगों को धमकाने का प्रयास कर रहा है। पुलिस ने तत्काल आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ 25/27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। पुलिस ने मामले से साक्ष्य एकत्रित कर न्यायालय में पेश किया गया था। मामले में जेएमएफसी कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी योगेश भाटी को दो साल की सजा सुनाते हुए एक हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। एसडीओपी तलया ने बताया कि आरोपी को अंतिम रूप से दंडित कराने में तात्कालिक थाना प्रभारी सुशील पटेल एवं विवेचना अधिकारी अमित भारद्वाज, राजेश रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी एवं आरक्षक अरविंद पहाडे की विशेष भूमिका रही है, जिन्हें पुलिस अधीक्षक हरदा द्वारा पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

### गौशाला में गायों के लिए लगाए शॉवर और पंखे

**हरदा।** नगर परिषद सिराली द्वारा संचालित गो शाला में गायों के लिए शॉवर लगाए गए हैं। इस गौशाला में लगभग 100 से अधिक गाये है। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार गौशाला में गायों के लिए भूसा, पशु आहार सुदाना, ठंडा पानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही गर्मी से बचाव के लिए शॉवर लगाए गए है। गत दिनों एडीएम डॉ नागार्जुन बी गौड़ा, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, सीईओ जिला पंचायत रोहित सिसोनिया ने गो शाला का निरीक्षण किया। गायों के सभी कक्षों में पंखे भी लगाए गए हैं। गायों की देखभाल के लिए केयर टेकर 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं। पशु चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर गायों के इलाज के लिए गौशाला का भ्रमण किया जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष, गजेंद्र शाह ने भी गौशाला में गायों के लिए नगर परिषद द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की।

### 24 घंटे में जिले में हुई 12.9 मिमी औसत वर्षा



**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 12.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 5.6 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., रहटगांव में 16 मि.मी. व सिराली में 43.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 43.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 53.3 मि.मी., टिमरनी में 24 मि.मी., खिरकिया में 19.4 मि.मी., रहटगांव में 62 मि.मी. व सिराली में 59.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 16 जून तक 0.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

## रात10 से सुबह 5.30 बजे तक चले नाइट कांबिंग में फरार वारंटियों को पकड़ा

# कॉम्बिंग गश्त में पुलिस अधिकारी भी वारंटियों को तलाश करने फील्ड में उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिलेभर में पुलिस की नाइट कॉम्बिंग गश्त चल रही है। इसके तहत शनिवार रात करीब 10 बजे से सुबह 5.30 बजे तक गश्त की गई। इस दौरान फरार वारंटियों की धर पकड़ सहित अन्य आरोपियों को पकड़ने में पुलिस सफलता हासिल की। खास बात यह है कि यह नाइट कॉम्बिग गश्त जिलेभर के थानों में की गई। पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना द्वारा जिलों में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने के साथ सुरक्षा, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कॉम्बिंग गश्त के निर्देश दिए है। इसके बाद प्रदेशभर में वारंटियों, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया।

### जिले के 8 थाना क्षेत्रों में चला अभियान

जिले के आठों थाना क्षेत्रों कोतवाली, शिकारपुरा, लालबाग, गणपति नाका, नेपानगर, खकनार, शाहपुर, निंबोला में एक साथ नाइट कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया। हर थाने में 5-5 टीमें बनाई गई थी। कांबिंग गश्त में थाना प्रभारियों व पुलिस बल द्वारा स्थाई, गिरफ्तारी वारंटों की तामिली, गुंडे.बदमाशों, जिला बदर, जेल रिहाई वाले आरोपियों की सघन चेकिंग की गई। सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने.अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों के साथ कॉम्बिंग गश्त की गई।



कार्रवाई में ये आरोपी धराए

6 घंटे चली कॉम्बिंग गश्त की कार्यवाही के दौरान कोतवाली ने 4, शिकारपुरा ने 5, लालबाग ने 8, गणपति नाका 2, नेपानगर ने 2, खकनार ने 6, शाहपुर ने 2 इस तरह कुल 29 स्थाई वारंट, गिरफ्तारी वारंट तामिली में कोतवाली ने 10, शिकारपुरा ने 16, लालबाग ने 15, गणपति नाका 9, नेपानगर ने 2, खकनार ने 36, शाहपुर ने 10, निंबोला ने 4 इस तरह कुल 102 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। चेकिंग की कार्यवाही के दौरान 85 निगरानी बदमाशों, 174 गुण्डों की चेकिंग की गई। नाईट कांबिंग ऑपरेशन में 31 जिलाबदर बदमाश के घर जाकर चेकिंग की गई। 18 जेल रिहाई वाले आरोपियों की चेकिंग की गई। थाना खकनार पुलिस द्वारा 5000 रुपए के एक इनामी बदमाश बहादुर पिता ओंकार सिकलीगर निवासी पाचौरी को अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीमों द्वारा शहर व देहात क्षेत्र के गली मोहल्लों में घूमकर गुण्डों, बदमाशों, जिला बदर आरोपियों की उनके घरों पर जाकर चेकिंग की गई। साथ ही गुण्डों, बदमाशों द्वारा वर्तमान समय में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीमों द्वारा प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को यह चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उनके विरूद्ध पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से संपूर्ण प्रदेश में पुलिस द्वारा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन की यह कार्यवाही की गई है।

### खंडवा पुलिस की नाइट कॉम्बिंग गश्त से बदमाशों में मचा हड़कंप



*खंडवा। जिले में पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन अनुराग , पुलिस उप महानिरीक्षक खरगोन अतुल सिंह और पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन में योजना बनाई गई। शहर और देहात के सभी थाना क्षेत्रों में देर रात तक कॉम्बिंग ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन की शुरुआत से पहले, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया और प्रभावी ?नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन? के निर्देश दिये। वारंटियों और वांछित अपराधियों की सूचियां तैयार की गईं और टीमों को कार्यवाही हेतु सौंपी गईं। इस ऑपरेशन में खंडवा पुलिस के 260 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हुए। कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान खंडवा जिले में कुल 11 स्थाई वारंटी और 81 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ा गया और उनके खिलाफ वारंट तामील कराए गए। इनामी बदमाश: 09 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। वांछित अपराधी_ऑपरेशन के दौरान जिले के अन्य वांछित अपराधियों में से 05 को गिरफ्तार किया गया। जिला बदर अपराधी_ गश्त के दौरान 34 जिला बदर के अपराधियों के घरों की चेकिंग की गई, जिनमें से कई अपराधी अनुपस्थित पाए गए। नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन से आदतन अपराधियों और बदमाशों में हड़कंप मच गया। आगामी बकरीद त्योहार के मद्देनजर ऑपरेशन के दौरान जिले में कुल 108 गुण्डों और 65 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई।*

## राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें व राजस्व वसूली बढ़ाएं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयो का समय समय पर निरीक्षण करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण करने और राजस्व वसूली बढ़ाने के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में हरदा, टिमरनी और खिरकिया के एसडीएम, सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में सभी एसडीएम से कहा कि मूंग उपार्जन के लिए आवश्यक तैयारी कर लें। उन्होंने उपस्थित राजस्व अधिकारियों से कहा कि मूंग उपार्जन के लिए बनाए जाने वाले उपार्जन केंद्रों का सत्यापन कर लें। उन्होंने गौशालाओं की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए।

### खाद बीज की दुकानों के निरीक्षण के लिए जांच दल बनाने दिए निर्देश

*कलेक्टर ने खाद बीज की दुकानों के निरीक्षण के लिए जांच दल बनाने और खाद बीज़ की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करवाने के संबंध में भी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से कहा कि त्योहारों से पूर्व अनुविभाग स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर लें, ताकि त्योहारो पर कानून व्यवस्था बेहतर रहे। उन्होंने त्यौहारो पर शहरों मे स्ट्रीट लाइट, साफ सफाई और पेयजल व्यवस्था का भी ध्यान रखने के लिए कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि सीमांकन के अभाव में सड़क निर्माण कार्य ना रुके यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों के दोनों ओर साइड शोल्डर पर अतिक्रमण न होने दें। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार से कहा कि अपने क्षेत्र के पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के काम पर नजर रखें।*

# मानव श्रृंखला बनाकर, शपथ दिलाकर लोगों से की जल संरक्षण की अपील

**हरदा।** जल संरक्षण व संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने 5 से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजित किया है, जिसके तहत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व उनके गहरीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को हंडिया और भगवानपुरा में मानव श्रृंखला बनाकर जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया गया।

जिला समन्वयक जन अभियान परिषद संदीप गौहर ने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम पंचायत भगवानपुरा में 185 लोगों के साथ मानव श्रृंखला बनाकर जल संवर्धन, जल संचय व पर्यावरण रक्षा करने के लिये संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सरपंच जयश्री काजले, सचिव राजेश खोदरे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सहित एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण शामिल हुए। इसी प्रकार हंडिया के रिद्धनाथ घाट पर जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाई गई तथा उपस्थित नागरिकों को जल का महत्व बताकर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।



# बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में निर्देश दिये कि सभी अधिकारी बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्य योजना बनाकर कार्यवाही करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने तीनों एसडीएम व जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र में विकासखंड स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति बैठक आयोजित कर आपदा प्रबंधन के लिए विकासखंड स्तर पर की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा अभी से कर लें। बैठक में तीनों एसडीएम को अपने- अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर नालों की साफ सफाई एवं बिजली के झूलते तारों को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव व वार्ड में एक स्थान ऐसा चिन्हित कर लें जहां कि आपदा के समय आवारा पशुओं व घायल पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में पहुंच विहीन क्षेत्र में निवासरत गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व स्वास्थ्य परीक्षण करने की व्यवस्था कर लें। उन्होंने कहा कि पहुंचविहीन क्षेत्र में निवासरत गर्भवती महिलाओं के प्रसव के लिए निकततम स्वास्थ्य केंद्र मे व्यवस्था सुनिश्चत की जाए। कलेक्टर ने होमगार्ड के डिसि्ट्रक्ट कमान्डेट मयंक जैन को निर्देश दिए कि वालेंटियर्स को भी आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग दिलाये।



# संयुक्त संचालक ने ली बीज उत्पादक समितियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आगामी खरीफ मौसम की तैयारी हेतु बीज उत्पादक सहकारी समितियों की बैठक संयुक्त संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, नर्मदापुरम संभाग बीएल बिल्लैया एवम उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास संजय यादव द्वारा ली है। बैठक मे संयुक्त संचालक बिल्लैया ने बीज उत्पादक सहकारी समितियों को निर्देश दिये कि नवीन उन्नत किस्म का उत्पादन कार्यक्रम जिले में लिया जावे, जिससे जिले के कृषको को नवीन उन्नत किस्म का बीज सुगमता से उपलब्ध कराया जा सके तथा जिले में फसलों का उत्पादन अच्छा प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि अरहर की किस्म पूसा-16 का उत्पादन कार्यक्रम लिया जावे, जिससे जिले में अरहर फसल का क्षेत्र विस्तार किया जा सके। साथ ही कृषि विस्तार प्रसार कार्यकर्ताओ की बैठक ली। बैठक में उन्होने संचालनालय से योजनाओं में प्रदाय लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत पूर्ति एवं योजनाओं का कृषको में प्रचार प्रसार तथा एमपी किसान ऐप पर कृषको के पंजीयन कराने के निर्देश भी दिये।

## सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का खंडवा पहुंचने पर किया स्वागत

# 'पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐतिहासिक फैसले होंगे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भारतीय जनता पार्टी के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जीत के बाद पहली बार खंडवा पहुंचे। सांसद का जोरदार स्वागत हुआ। स्वागत के बाद सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने सभा में बयान जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान देश की जनता के लिए ऐतिहासिक फैसलों के आश्वासन का जिक्र किया। अपने बयान में, पाटिल ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर भी तीखा हमला किया, उन पर देश की जनता को भ्रमित करने और झूठ बोलकर जनता वोट लेने का आरोप लगाया।

पाटिल ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भारतीय राजनीति में एक नई दिशा और दृष्टिकोण लेकर आया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले दो कार्यकालों में सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं, जिनसे देश के हर वर्ग को लाभ पहुंचा है। उन्होंने विश्वास जताया कि तीसरे कार्यकाल में भी मोदी सरकार इसी प्रकार ऐतिहासिक निर्णय लेगी, जो भारत के विकास और प्रगति को और गति देंगे।



### रैली निकाली और कुएं की खुदाई कराई

**रहटगांव।** ग्राम पंचायत आमसागर के ग्राम धनपाड़ा में गंगा जल संवर्धन पर रविवार को ग्राम में रैली निकाल कर सार्वजनिक कूप में इस अभियान के तहत खुदाई करवाई गई। जिससे ग्रामवासियों को पेयजल की सुविधाएं मिल सकी। कलश यात्रा निकाली गई और जल ही जीवन की जानकारी दी गई। गंगा दशमी पर जल देवता की पूजा वह आरती की गई। जल बचाओ और सच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम में सरपंच रमकू बाई, जय सिंह, पूर्व सरपंच रामनाथ उइके, रामविलास उईके, ब्रजलाल इरपाचे, सुखलाल, गेंदालाल रामदास, सचिव कैलाश बिलारे, सहायक सचिव दीपक धोसिया, सहायिका राम बाई आदि उपस्थिति रहे।

## मां नर्मदा को समर्पित शिवपुराण कथा का समापन

# 'शिवपुराण कथा सुनने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सभी प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओंकारेश्वर

भगवान ओंकारेश्वर ममलेश्वर एवं मां नर्मदा को समर्पित शिवपुराण कथा का शनिवार को विधिवत समापन हुआ। इस कथा का आयोजन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक और शिव भक्त पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में किया गया था।

लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस पावन कथा को सुनने के लिए ओंकारेश्वर में उपस्थित हुए। यह आयोजन 7 दिनों तक चला और बिना किसी विघ्न के सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। शिव पुराण कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के विभिन्न लीलाओं और उनकी महिमा का गुणगान सुना। पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया। हर दिन कथा के विभिन्न प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालुओं ने आत्मिक शांति और धार्मिक अनुष्ठान का अनुभव किया।





पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान ओंकारेश्वर ममलेश्वर और मां नर्मदा की महिमा का बखान करते हुए कहा कि शिव पुराण की कथा सुनने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सभी प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं। इस कथा के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान शिव के अनन्य भक्तों के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए। शनिवार शाम तक कथा का समापन होते ही पंडित प्रदीप मिश्रा अपने धाम कुबेश्वर पहुंचे। रविवार उनका जन्मदिन को बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। सीहोर रोड पर इस अवसर पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए, यातायात के विशेष इंतजाम किए गए हैं। जाम की स्थिति भी निर्मित हो सकती है। इस कथा के आयोजन ने न केवल ओंकारेश्वर में धार्मिक वातावरण का निर्माण किया, बल्कि श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और भगवान शिव की भक्ति में लीन होने का अवसर भी प्रदान किया। शिव पुराण कथा के माध्यम से पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव के अद्भुत और चमत्कारी स्वरूप को प्रस्तुत किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक और मंगलकारी सिद्ध हुआ।

भगवान ओंकारेश्वर ममलेश्वर एवं मां नर्मदा को समर्पित शिव पुराण कथा का समापन श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। पंडित प्रदीप मिश्रा की ओजस्वी वाणी और धार्मिक ज्ञान ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस पावन अवसर ने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया, बल्कि जीवन में सकारात्मकता और शांति का संचार भी किया।

# शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**रहटगांव।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आगामी पर्व ईदुल जुहा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार रश्मि धुर्वे, थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह भदोरिया एवं जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें बताया गया की सोमवार को ईदुल जुहा का त्योहार है इसलिए सभी शांति से एवं भाईचारा से ईद का पर्व मनाएं। इस दौरान बताया गया की स्थानीय जामा मस्जिद में सुबह 8.30 बजे एवं मदरसा वाली मस्जिद में सुबह 8 बजे ईदुल जुहा की नमाज अदा होगी। तहसीलदार द्वारा ग्राम पंचायत को दोनों मस्जिद क्षेत्रों में साफ सफाई की व्यवस्था के निर्देश दिए गए एवं इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने की बात रखी गई , मुख्य मार्गों पर दुकानदारो द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया जिससे यातायात प्रभावित होता है,एवं थाने आने जाने वाले मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण फैला हुआ है, जिससे मार्ग अवरुध होता है। एवं बाजार क्षेत्र में वाहन पार्किंग सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।इस दौरान थाना स्टाफ सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।